दिनांक : 05.04.2024 समय : 07.10 पीएम

आकाशवाणी भोपाल
सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदान प्रतिशत बढाने के लिए मतदान केन्द्र वार कार्ययोजना तैयार करने के दिये निर्देश ।
- प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप गतिविधियों के तहत किया जा रहा है विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन ।
- लोकसभा चुनाव में पहले चरण के लिये 19 अप्रेल को होने वाले मतदान के लिये सभी राजनैतिक दलों द्वारा प्रचार जौरों पर ।
- पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती हवाओं से बने सिस्टम की वजह से राज्य में आगामी तीन दिनों तक मौसम में होगा बदलाव ।

...........

निर्वाचन आयोग बैठक

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मतदान प्रतिशत बढाने के लिए चयनित जिलों के निगम आयुक्तों और चुनाव अधिकारियों को मतदान केन्द्र वार कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये है। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग–अलग कार्यनीतियां बनाने को कहा है। आज नई दिल्ली में उन ग्यारह राज्यो्ं के निगमायुक्त और चुनाव अधिकारियों के साथ मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बैठक की, जहां पिछले चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी कम रही थी। बैठक का उद्देश्य 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाना है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों को इस प्रकार काम करने के निर्देश दिये जिससे मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी से गौरवान्वित महसूस करें। उन्होंने ऐसे प्रयासों की अपील की जिसमें लोग मतदान के लिए स्वयं प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में कम मतदान वाले 215 ग्रामीण और 51 शहरी संसदीय क्षेत्रों की पहचान की गई है, जहां मतदाताओं की भागीदारी बढाने के प्रयास किये जाएंगे। इसके लिए उन्होंने त्रिसूत्रीय रणनीति पर बल दिया, इनमें मतदान केन्द्रों पर सुविधाएं बढाना, लक्षित ढंग से मतदाताओं तक पहुंचना तथा लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण पक्षों को शामिल करना है।

मतदाता जागरुकता

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में स्वीप गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं । इसी क्रम में नर्मदापुरम जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर सिवनी मालवा में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया। इंदौर में कल 6 अप्रैल को वोटिंग मशाल वॉक का आयोजन किया जायेगा। आगरमालवा जिले के विभिन्न ग्रामों में मतदाता जागरूकता स्लोगन की मेहंदी बनाकर शत–प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। देवास जिले में स्वीप अभियान के तहत महिला बाल विकास परियोजना ग्रामीण की आंगनवाड़ी कार्यकताओं को शत–प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। छिन्दवाड़ा जिले की ग्राम पंचायत पिंडरईकला में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। गुना जिले के ग्राम भुलाय में स्व–सहायता समूह की दीदीयों एवं स्टाफ द्वारा मानव श्रृंखला एवं शपथ के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदान की शपथ ली गई। खंडवा में मेंहदी और रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक किया गया। नीमच जिले में खेल और रस्साकसी प्रतियोगिता आयोजित कर मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई गई।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव में पहले चरण के लिये 19 अप्रेल को होने वाले मतदान के लिये भाजपा और कांग्रेस सहित सभी राजनैतिक दलों द्वारा अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जौर–शौर से प्रचार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 7 अप्रेल को प्रदेश प्रवास पर रहेंगे। श्री मोदी जबलपुर में रोड शो करेगें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज जबलपुर पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो की तैयारियों का अवलोकन किया। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल सिंगरौली और सीधी जिलों के प्रवास पर रहेंगे। उधर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंडला जिले में

जनसभा को संबोधित किया। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उज्जैन जिले के खाचरोद में जनसभा को संबोधित किया।

## कांग्रेस घोषणा पत्र

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी कर दिया है। घोषणा पत्र में प्रतिदिन चार सौ रूपये की न्यूनतम मजदूरी की गारंटी, प्रत्येक गरीब परिवार को प्रतिवर्ष एक लाख रूपये, केन्द्र सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए पचास प्रतिशत सीटों का आरक्षण, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना के वायदे शामिल हैं। कांग्रेस ने अगले दशक में 23 करोड लोगों के जीवन में सुधार लाकर गरीबी समाप्ति करने का भी वायदा किया है।

## आरबीआई यूपीआई

भारतीय रिजर्व बैंक जल्द ही यूपीआई के माध्यम से नगद राशि जमा कराने की सुविधा लाने जा रहा है। फिलहाल यूपीआई का इस्तेमाल पैसा निकालने एवं अंतरित करने के लिए किया जाता है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि इस सुविधा से उपभोक्ताओं को नगदी जमा कराने में आसानी होगी जिससे बैंकों की नकदी लेनदेन प्रक्रिया और सक्षम होगी। आरबीआई ने प्रीपेड भुगतान माध्यम–पीपीआई वॉलेट से यूपीआई भुगतान के लिए थर्ड पार्टी यूपीआई ऐप्लिकेशन के इस्तेमाल का प्रस्ताव किया है। इससे उपभोक्ताओं की सुविधा बढेगी और छोटी लेनदेन के लिए डिजिटल भुगतान को बढावा मिलेगा।

## मौसम

पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती हवाओं से बने सिस्टम की वजह से प्रदेश के आधे से अधिक क्षेत्र में कल से आठ अप्रैल के बीच मौसम बदला हुआ रहेगा। भोपाल, इंदौर–उज्जैन में गरज–चमक के साथ बूंदाबांदी का अनुमान है। ग्वालियर–जबलपुर समेत कई जिलों में आंधी–बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार कल छह अप्रैल को नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर और शहडोल में बारिश हो सकती है। वहीं, भोपाल, मुरैना, भिंड, उज्जैन, शाजापुर, देवास, सीहोर में गरज–चमक की स्थिति रहेगी। यहां हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है।

## यूजीसी–टेलिमानस

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सभी उच्च शिक्षण संस्थाओं को विद्यार्थियों में टोलफ्री मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन के बारे में जागरूकता लाने का निर्देश दिया है। आयोग ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और महाविद्यालयों के प्राचार्यों को लिखा है कि स्वास्थ्य मंत्रालय

का टेलिमानस मानसिक स्वास्थ्य  हेल्पलाइन सराहनीय काम कर रहा है और लोगों को इस बारे में अधिक जागरूक किया जाना चाहिए। टेलिमानस हेल्पलाइन हर दिन चौबीसों घंटे निशुल्क उपलब्ध् है।

समाचार संक्षेप में :—

- रीवा लोकसभा क्षेत्र में दाखिल नामांकन पत्रों की जांच आज की गई। जांच के बाद 14 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। विभिन्न कारणों से 5 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र अमान्य किए गए।
- छूटे हुए पात्र मतदाताओं की पहचान कर उनके नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए ग्वालियर जिले में "चुनावी चौपाल" लगाईं जा रहीं हैं। आज से शुरू हुईं ये चुनावी चौपाल 7 अप्रैल तक आयोजित होंगी।
- गुना जिले में आगामी लोकसभा चुनावों को र्निविवाद रूप से संपन्न कराने के लिये पुलिस फोर्स को चुनावी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- खजुराहो लोकसभा चुनाव के लिए भरे गए नामांकन पत्र की जांच आज पन्ना में पूरी कर ली गई। चार लोगों के नामनिर्देशन पत्र निरस्त कर दिए गए हे।
- लोकसभा निर्वाचन में संसदीय क्षेत्र बैतूल के लिए नियुक्त सामान्य आब्जर्वर ने पेड न्यूज एवं शिकायतों की मॉनिटरिंग का अवलोकन कर मॉनिटरिंग कार्यों की समीक्षा की।
- शिवपुरी जिले में ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल संकट के निराकरण के लिए जिला प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्रों में जिला स्तरीय और जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना की है।

———————————————